हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 10 मई 2026

तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

13 मोहतरा शिविर में 18 गांवों के लोगों की सुनी गई समस्या


12 साइंस समर कैंप में पीएम श्री खरोरा के छात्रों...




# बेटी के घर जा रहा पिता को तीन युवकों ने लूटा, भटकने पर आरोपियों से पूछा था रास्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

रात के समय बेटी के घर जा रहे पिता को क्या मालूम था कि वह जिनसे रास्ता पूछेगा, वही मारपीट कर लूटपाट करेगा। घटना पलारी थाना क्षेत्र के करीब गांव जंगलोंर नवागांव मार्ग में घटित हुई। मामले में पुलिस ने एक्शन लेते हुए 2 आरोपी को दबोचा, जबकि एक की सरगर्मी से पुलिस तलाश कर रही है।

प्रकरण में पलारी पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना कार्यवाही प्रारंभ की गई। विवेचना क्रम में प्रार्थी से आरोपियों के हुलिए के संबंध में जानकारी ली गई। साथ ही बीट प्रणाली के तहत उच्च कोटि की दक्षता प्रदर्शित करते हुए आसपास ग्रामों में प्रभावी आसूचना संकलन कर आरोपियों के संबंध में पता तलाश प्रारंभ की गई। इसी बीच पुलिस की लगातार छानबीन एवं मुखबिर सूचना पर आरोपी उबारनदास एवं धनंजय उर्फ सोनू खंडेलवाल दोनों जंगलोंर निवासी को हिरासत में लिया गया।

पूछताछ में आरोपियों द्वारा रात के समय रास्ता पूछने आए प्रार्थी के साथ मारपीट कर लूट की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। प्रकरण में आरोपियों से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जी 22 ए ई 6081 एवं लूट का एक मोबाइल जब्त किया गया है। प्रकरण में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया। प्रकरण में एक आरोपी फरार है, जिसकी सरगर्मी से पता तलाश की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है।

## जंगलोर नवागांव मार्ग पर प्रार्थी से मोबाइल और नकदी लूटी



### प्रार्थी को डरा धमकाकर, बेल्ट से मारपीट की

घटना में प्रार्थी चंद्रभान आवडे निवासी ग्राम भोरिंग जिला महासमुंद द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 7 मई को वह अपनी बेटी से मिलने ग्राम नवागांव आ रहा था, कि ग्राम जंगलोर के पास पहुंचने पर रास्ता भटक गया, जहां वह पास ही खड़े आरोपियों से नवागांव का रास्ता पूछने के लिए रुका, जिस पर 3 आरोपियों द्वारा प्रार्थी को रास्ता बताने के नाम पर एक मोटरसाइकिल में बैठकर अपने पीछे-पीछे आने के लिए बोला गया। तत्पश्चात आरोपियों द्वारा ग्राम नवागांव जाते समय रात्रि 23.30 बजे जंगलोर के गौटिया तालाब के पास रुककर प्रार्थी को डरा धमकाकर, बेल्ट से मारपीट कर प्रार्थी का मोबाइल और नगदी 8000 लूट कर फरार हो गए, कि रिपोर्ट पर धारा 309(6) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## खबर संक्षेप



### 35 पौवा शराब जब्त कोचिया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार।** समाधान सेल में मिली गोपनीय सूचना के आधार पर पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक 9 मई को समाधान सेल के हेल्पलाइन नंबर पर सूचना मिली कि ग्राम खैंदा स्थित धान मंडी के पास गंधीरवा पेड़ के नीचे अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस की टीम ने मौके पर घेराबंदी कर दबिश दी।

35 पाव मसाला शराब जप्त**
मौके से पुलिस ने भोग प्रसाद उर्फ पिंटू कोसले 20 वर्ष, निवासी ग्राम खैंदा को पकड़ा। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 35 पौवा देशी मसाला शराब बरामद हुई, जिसकी कुल कीमत करीब 3500 बताई जा रही है। पुलिस ने शराब को जप्त कर आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक आज होगी

**भाटापारा।** निपनिया पेंशनधारी कल्याण संघ की जिला एवं तहसील शाखा भाटापारा की संयुक्त बैठक 10 मई को पेंशन भवन सुभाष बाजार भाटापारा में रखी गई है। संघ के समस्त जिला एवं तहसील शाखा के पदाधिकारी, कार्य कारिणी सदस्य एवं समस्त सदस्य बैठक में सम्मिलित हो कर उचित मार्गदर्शन एवं सुझाव दें। उक्त जानकारी प्रकाश जाधव एवं रघुनाथ पटेल द्वारा दिया गया।

### बिनौरी में किया गया पेयजल का परीक्षण



**पलारी।** ग्राम पंचायत बिनौरी में विनय कुमार बघेल ब्लाक समन्वयक ने फील्ड टेस्टिंग किट के माध्यम से नया तालाब शासकीय कुआं एवं पंचायत बोर रामायण चौक के पास हैंडपंप सहित सोनू महिलांगे के कुआं के विभिन्न स्थलों का पेयजल का परीक्षण किया। जिसमें जल को पीने योग्य पाया गया। इस अवसर पर सरपंच किरण सनकुमार साहू, सचिव हरीश डडसेना, डॉ. संदीप साहू, संतोष कुमार साहू, अर्जुन चतुर्वेदी, पंचगण लता डहरिया, ममता धीवर, कृष्ण बंजारे, कोमल चतुर्वेदी, लच्छवन्तिन हिरवानी, पुष्पा चतुर्वेदी, रेखा साहू, बेदीन साहू, फिरण यादव, पुन्नी साहू, गंगा साहू, भोजा साहू आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की जांच में पहुंची टीम



**बलौदाबाजार।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी एवं डीपीएम सृष्टि मिश्रा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल का निरीक्षण किया।इस दौरान प्रसूति कक्ष, महिला एवं पुरुष वार्ड, एनआरसी तथा निर्माणाधीन ट्रॉमा सेंटर का अवलोकन कर मरीजों का ▶▶ शेष पेज 12 पर

## आक्रोश : यूनीपोल स्थापना के लिए सड़क खुदाई रोकने की मांग

# अंबेडकर चौक में प्रस्तावित डिवाइडर निर्माण का व्यापारियों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर पालिका परिषद द्वारा मुख्य मार्ग स्थित अंबेडकर चौक पर लाइट एवं विज्ञापन युक्त यूनीपोल स्थापना के लिए प्रस्तावित डिवाइडर निर्माण कार्य का स्थानीय व्यापारियों एवं आमजनों ने विरोध जताया है। इस संबंध में व्यापारियों ने विधायक एवं मंत्री टंकराम वर्मा, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अशोक जैन एवं प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर निर्माण कार्य तत्काल रोकने तथा पूर्व स्थिति बहाल करने की मांग की।

व्यापारीगणों ने जनहित, व्यापारिक हित एवं सुगम यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव से रोकने की मांग की है। इस संबंध में मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री, नगरीय प्रशासन विभाग, लोक निर्माण विभाग, परिवहन विभाग, सड़क सुरक्षा प्राधिकरण एवं पुलिस मुख्यालय सहित विभिन्न विभागों को भी प्रतिलिपि प्रेषित की गई है। इस दौरान संजू भाई पटेल, शंकर दुलानी, सोहेल खान, बसंत, जितेंद्र डडसेना, लोकेश गुप्ता, दलजीत सिंह चावला, भावेश पटेल, अशोक पंजवानी, संजय हबलानी, सागर हबलानी, विशाल हरिरामनी, पवन जायसवाल सहित बड़ी संख्या में व्यापारियों एवं आमजनों ने अपना आक्रोश एवं आपत्ति दर्ज कराई।

## जनप्रतिनिधियों व प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

### कारोबार पर पड़ेगा असर

व्यापारियों के अनुसार अंबेडकर चौक का क्षेत्र अपेक्षाकृत संकरा है, जिसके चलते पूर्व में भी अतिरिक्त डिवाइडर निर्माण की अनुशंसा नहीं की गई थी। वर्तमान प्रस्तावित निर्माण से चौक पर यातायात दबाव बढ़ने एवं दुर्घटनाओं की आशंका जताई गई है।



### सड़क खुदाई से यातायात व्यवस्था प्रभावित

ज्ञापन में बताया गया है कि नगर पालिका परिषद द्वारा सड़क के मध्य भाग में नया डिवाइडर बनाने के उद्देश्य से मुख्य मार्ग की खुदाई की जा रही है। व्यापारियों का कहना है कि संबंधित मार्ग पर पूर्व में ही तकनीकी मानकों एवं सक्षम एजेंसियों के सर्वेक्षण के आधार पर आवश्यक डिवाइडर का निर्माण किया जा चुका है। ऐसे में पुनः नया डिवाइडर बनाए जाने से यातायात व्यवस्था प्रभावित होगा।

### ग्राहकों की आवाजाही बाधित

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि प्रस्तावित निर्माण कार्य से क्षेत्र के प्रमुख व्यापारिक प्रतिष्ठानों जैसे बजरंग रेस्टोरेंट, गुड़िया रेडीमेड, सीजी 22 ऑटो, अपोलो फार्मेसी, डॉ. बाजपेयी नर्सिंग होम एवं केडिया विहार व्यवसायिक परिसर सहित लगभग 50 से अधिक दुकानों के व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। व्यापारियों ने कहा कि डिवाइडर निर्माण से ग्राहकों एवं आम नागरिकों की आवाजाही बाधित होगी, जिससे व्यवसाय प्रभावित होने की संभावना है।



# बंद खदान से पाइप के सहारे तालाबों में भरा गया पानी

हरिभूमि न्यूज : बलौदाबाजार

- तालाबों में पानी भरने जिला प्रशासन की पहल

भीषण गर्मी के कारण जिले की अधिकांश तालाब सूखने के कारण ग्रामीणों को निस्तारी की समस्या से निजात दिलाने जिला प्रशासन द्वारा पहल की जा रही है। नहर के माध्यम से अधिकांश तालाबों में पानी भर गया है किन्तु जिन क्षेत्रों में नहर नहीं हैं वहां अभी भी पानी की समस्या हैं। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर विकासखंड सिमगा क्षेत्र के गांव में बंद पड़े खदान से पम्प से पानी लिफ्ट कर आस-पास के गांव के तालाबों में पानी भरा जा रहा है।

एसडीएम सिमगा अतुल शेट्टे ने बताया कि ग्राम रानीजरौद में बंद खदान में पम्प से पाइप लगाकर करीब डेढ़ किलोमीटर वाटर लिफ्ट कर ग्राम खपरी के तालाब को भरा गया हैं। अब खपरी में पम्प लगाकर इसके आस पास के गांव के तालाब को भरने की तैयारी की जा रही है।

उन्होंने बताया कि पेयजल हेतु टैंकर क़ी व्यवस्था की गई है। इससे लोगों को पेयजल और निस्तारी की समस्या से निजात मिलेगी।



# बिलासपुर रेलवे जोन के जीएम तरूण प्रकाश पहुंचे भाटापारा, कई स्थानों का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

बिलासपुर रेल्वे जोन के जीएम तरूण प्रकाश शनिवार को दोपहर भाटापारा रेल्वे स्टेशन पहुंचे, जहां वे निपनिया अकलतरा रेल्वे क्रासिंग का निरीक्षण करने के पश्चात भाटापारा रेल्वे स्टेशन की नई कंपोजिट बिल्डिंग, रेल्वे की सड़क का निरीक्षण कर कार्य में तेजी लाये जाने के निर्देश जारी किये। विदित हो कि पिछले कई दिनों से उनके आगमन को लेकर स्टेशन परिसर में व्यापक तैयारियां की जा रहीं थी। उन्होंने शनिवार को रेल्वे कालोनी में बने क्वार्टर का उद्घाटन किया। इसके उपरांत अदानी अंबूजा रेल



लाइन के निरीक्षण के उपरांत स्टेशन परिसर के रेल्वे कैंटीन बुकिंग आफिस को देखा और वहां निरीक्षण किया। इसके पश्चात वे रायपुर रवाना हुए। इस दौरान उनके साथ डीआरएम दयानंद, सीनियर डीसीएम अवधेश त्रिवेदी, स्टेशन मास्टर अजय सिंग, आरपीएफ पोस्ट के बी.एल.बरेठा, सी एस.मिश्रा सहित विभागीय अमला मौजूद था।

# सट्टे की रकम व मोबाइल जब्त, खाईवाल गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सिटी कोतवाली पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण और सघन पूछताछ के आधार पर शहर में सट्टे का बड़ा नेटवर्क चलाने वाले मुख्य खाईवाल को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी पिछले दिनों पकड़े गए एक सटोरिए से मिले सुरागों के बाद की गई है।



पुलिस के अनुसार, 29 अप्रैल को भैंसापसरा इलाके से उत्तर कुमार रात्रे नामक सटोरिए को सट्टा-पट्टी लिखते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया था। उसके पास से 4120 नगद और एक मोबाइल जब्त किया गया था। पुलिस अधीक्षक ओपी शर्मा के निर्देशन में जब आरोपी के मोबाइल का तकनीकी विश्लेषण किया गया, तो शहर के बड़े सट्टा नेटवर्क के तार जुड़ने लगे। पूछताछ और डिजिटल सबूतों से यह साफ हो गया कि उत्तर कुमार तो महज एक मोहरा था, जबकि असली ▶▶ शेष पेज 12 पर

# आरंग के सगुना फूड्स कैंपस में मिले तीन गांजे के पौधे, मैनेजर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम केवतरा स्थित सगुना फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के कैंपस के भीतर अवैध रूप से गांजा उगाने वाले मैनेजर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी मैनेजर कंपनी परिसर की दीवार के पास गांजे के पौधे लगाकर उसकी खेती कर रहा था।पुलिस के अनुसार, 8 मई को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सगुना फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के अंदर अवैध मादक पदार्थ गांजा उगाया जा रहा है। सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। साक्ष्य नष्ट होने की आशंका को देखते हुए थाना प्रभारी खरोरा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्काल कंपनी परिसर में दबिश दी। तलाशी ▶▶ शेष पेज 12 पर



## मकानों में पड़ रही दरारें, खेतों तक पहुंच रहे ब्लास्टिंग के पत्थर

# मूरा में हैवी ब्लास्टिंग से ग्रामीणों में दहशत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली

समीपस्थ ग्राम मुरा में लगातार हो रही हैवी ब्लास्टिंग महाविस्फोट से पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। तेज धमाकों की गूंज से ग्रामीणों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है तथा लोग भय के साये में जीने को मजबूर हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि लगातार हो रहे धमाकों से घरों में कंपन महसूस किया जा रहा है, जिससे मकानों में दरार पड़ गयी हैं तथा आगे भी मकानों में दरार आने की आशंका है।

ब्लास्टिंग के दौरान पत्थरों के टुकड़े खेतों, तालाबों एवं आसपास के रिहायशी क्षेत्रों तक पहुंच रहे हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।



ज्ञात हो कि बंगोली में माइनिंग ऑफिस है, जहां केवल पत्थर लेकर जाने वाले ट्रैक्टर, हाईवा से वसूली का आरोपी लगाया जा रहा है। माईनिंग कर्मचारी द्वारा अवैध वसूली करने के विरोध में सुबह से पत्थर खदानों में धरना दिया जा रहा हैं, परंतु उन्हें जरूरत से ज्यादा गहरा व बारूद से महाविस्फोट हो ▶▶ शेष पेज 12 पर

### सुरक्षा पर गंभीर सवाल

बारूद के महाविस्फोट लक्ष्मी पत्थर खदान सहित अन्य दर्जनों पत्थर खदान के मालिक कर रहे हैं । बताया जा रहा है कि ब्लास्टिंग स्थल से मात्र 100 मीटर दूरी पर लक्ष्मीसागर तालाब स्थित है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों लोग स्नान करते हैं। वहीं बस्ती से लगभग 500 मीटर दूरी पर विस्फोटक ब्लास्टिंग किए जाने से ग्रामीणों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।स्थानीय लोगों ने प्रशासन पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि शिकायतों के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों ने तत्काल जांच कर ब्लास्टिंग पर रोक लगाने तथा दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है ।

# शाम को हुई तेज बारिश ने दिलाई गर्मी से राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

अंचल में पिछले लगभग तीन दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। दिनभर तेज गर्मी और उमस के बाद शाम होते ही तेज हवा और बारिश का दौर शुरू हो रहा है। लगातार हो रही शाम की बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है तथा मौसम सुहावना हो गया है। शनिवार शाम भी अचानक तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश के कारण सड़कों पर पानी भर गया और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। तेज आंधी-तूफान के चलते कई क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था प्रभावित रही। कुछ स्थानों पर घंटों तक बिजली आपूर्ति बंद रहने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।ग्रामीण ▶▶ शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री के सचिव सुबोध ने ग्रहण किया अतिरिक्त प्रभार

**रायपुर।** मुख्यमंत्री के सचिव वरिष्ठ आईएएस सुबोध सिंह ने शुक्रवार को ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव एवं पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया। इस अवसर पर अभियंता संघ के प्रतिनिधिमंडल ने उनका स्वागत किया। अभियंता संघ के महासचिव ई. मनोज वर्मा के नेतृत्व में सीईसी सदस्य ई. करुणेश यदेव, ई. नीरज वर्मा एवं ई. देवांगन ने श्री सिंह जी से सौजन्य मुलाकात के दौरान गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया एवं नई जिम्मेदारी के लिए बधाई व शुभकामनाएं दीं। प्रतिनिधिमंडल ने श्री सिंह के ऊर्जावान नेतृत्व में प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र में नई उपलब्धियां प्राप्त होने की आशा व्यक्त की।

### राज्यपाल से पर्यटन मंत्री ने की मुलाकात

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका से शुक्रवार लोकभवन में पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल ने सौजन्य मुलाकात की। दौरान राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों में आवश्यक सुविधाओं के विस्तार एवं पर्यटन विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। राज्यपाल श्री डेका ने विशेष रूप से बस्तर स्थित चित्रकोट जलप्रपात में पर्यटकों के लिए मूलभूत सुविधाओं को और बेहतर बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थलों पर बुजुर्गों एवं निशक्तजनों की सुविधा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इस दौरान चित्रकोट जलप्रपात क्षेत्र में रैंप निर्माण सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं के विकास पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

### डीपीएड के परिणाम जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित डीपीएड के परिणाम 8 मई को घोषित कर दिए गए। डीपीएड प्रथम वर्ष की परीक्षा में 51 और द्वितीय वर्ष में 52 छात्र शामिल हुए थे। परीक्षार्थी अपना रिजल्ट मंडल की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर रोल नंबर दर्ज करके देख सकते हैं।

**आयोजन : समझाइश से पति-पत्नी फिर साथ रहने हुए तैयार, भूमि ऋण पुस्तिका सौंपने पर बनी सहमति**

# जिले में द्वितीय नेशनल लोक अदालत में 40 हजार से अधिक प्रकरणों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में वर्ष 2026 की द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन शनिवार को जिला न्यायालय परिसर बलौदाबाजार सहित जिले के विभिन्न न्यायालयों में सफलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अब्दुल जाहिद कुरैशी, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जिले के समस्त न्यायाधीशगण, न्यायालयीन कर्मचारी, स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पक्षकारों ने भी पूजा-अर्चना कर सक्रिय सहभागिता निभाई।

कुटुंब न्यायालय बलौदाबाजार में गठित खंडपीठ के पीठासीन अधिकारी राजभान सिंह द्वारा 16 प्रकरणों का निराकरण किया गया। इनमें एक महत्वपूर्ण मामला भी शामिल रहा, जिसमें आवेदिका ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 144 के तहत भरण-पोषण राशि की मांग को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया था। पीठासीन अधिकारी के समझाइश प्रयासों से दोनों पक्ष साथ रहने के लिए सहमत हुए तथा अनावेदक की भूमि से संबंधित ऋण पुस्तिका आवेदिका को सौंपने पर सहमति बनी। इसके बाद प्रकरण का राजीनामा के आधार पर निराकरण किया गया।

जिले में आयोजित नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित प्रकरणों, ट्रैफिक चालान, पीटी अफेंस एवं राजस्व न्यायालयों से संबंधित कुल 44 हजार 930 प्रकरण रखे गए थे, जिनमें से 40 हजार 380 प्रकरणों का सफल निराकरण किया गया।

लोक अदालत में आने वाले पक्षकारों की सुविधा के लिए जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के साथ-साथ व्यवहार न्यायालय सिमगा, भाटापारा एवं कसडोल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाए गए। जिला अस्पताल बलौदाबाजार के सहयोग से स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसका लाभ बड़ी संख्या में पक्षकारों एवं न्यायालयीन अधिकारियों ने लिया।इसके अतिरिक्त नेशनल लोक अदालत में राजीनामा करने वाले पक्षकारों को पीठासीन अधिकारियों द्वारा निःशुल्क फलदार पौधों का वितरण भी किया गया। वहीं, कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था पुलिस प्रशासन द्वारा सुनिश्चित की गई।

## व्यवहार न्यायालय भटगांव में बृहद लोक अदालत, 526 मामलों का निराकरण



**भटगांव।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के अध्यक्ष जिला न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में तालुका विधिक सेवा समिति भटगांव के अध्यक्ष व्यवहार न्यायाधीश पुनीत राम गुरूपंच द्वारा 9 मई को वृहद नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसी दौरान व्यवहार न्यायालय परिसर भटगांव में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन भी किया गया। इसमें उपस्थित सभी पक्षकारों, सदस्यगणों को लोक अदालत एवं विधिक सहायता एवं विभिन्न नियमों एवं अधिनियमों के संबंध में विधिक जानकारी में बताया कि प्रकरण में राजीनामा होने पर मामलों की अपील नहीं होती, पक्षकारों की हार या जीत नहीं होती, दोनों पक्षों में द्वेष की भावना समाप्त होती है। आपस में भाईचार पैदा होता है और गांव में शांति व सोहाद्र का वातावरण कायम होता है। लोक अदालत का एक विशेष महत्व पक्षकारों के मध्य आपसी सहमति व राजीनामे के दौरान माफ व छमा करने वालों का स्थान हमेशा उच्च व सर्वोच्च होता है महान होता है। व्यवहार न्यायालय भटगांव में आयोजित वृहद नेशनल लोक अदालत में कुल 688 लंबित प्रकरणों को सुनवाई हेतु रखा गया था, जिसमें से कुल 526 लंबित प्रकरणों का निराकरण किया गया। पारिवारिक विवाद से संबंधित मामलों का निराकरण किया गया

इस वर्ष के आयोजित उक्त द्वितीय बृहद नेशनल लोक अदालत में भारतीय स्टेट बैंक, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, इंडियन बैंक, बिजली विभाग द्वारा ऋण वसूली का कैम्प लगाए हुए थे। न्यायालय परिसर में सामुदायिक स्वास्थ्य विभाग भटगांव के संतोष कुमार टण्डन, ग्रामीण चिकित्सा सहायक, विजय बंजारे ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक द्वारा पक्षकारों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

सुलहकर्ता अधिवक्ता के रूप में अधिवक्ता जगनथिया बंजारे व जय कुमार टण्डन उपस्थित हुए तथा न्यायालय के समस्त कर्मचारीगण, वह अधिवक्तागण

## बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों का पुलिस ने काटा चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुडा/ लवन



यातायात जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना, हेलमेट, सीटबेल्ट के उपयोग को प्रोत्साहित करना और हादसों में कमी लाने के लिए लोगों को ट्रैफिक नियमों जैसे ओवर स्पीडिंग न करना, रेड लाइट जंप न करना के प्रति शिक्षित करना है। ये अभियान स्कूल, पुलिस और सामाजिक संगठनों के माध्यम से रैलियों, संवाद और सोशल मीडिया द्वारा चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में 9 मई को पुलिस अधीक्षक ओपी शर्मा के निर्देशन में कसडोल यातायात द्वारा नगर पंचायत लवन में यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान अभियान में लोगों को मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट लगाकर वाहन चलाने की सलाह दी गई। यदि प्रत्येक नागरिक यातायात नियमों का पालन करे, तो निश्चित ही अधिकांश सडक दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। पुलिस टीम द्वारा वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से लापरवाही से होने वाली दुर्घटनाओं के गंभीर परिणामों को समझाया गया। साथ ही हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, ओवर स्पीडिंग से बचाव, नशे की हालत में वाहन न चलाने, मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा यातायात संकेतों का पालन करने पर विशेष जोर दिया गया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह जैसे आयोजन विद्यार्थियों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। किशोरावस्था से ही बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी मिलना आवश्यक है। जिनका समाधान यातायात पुलिस द्वारा सरल और व्यवहारिक तरीके से किया गया। पुलिस टीम ने युवाओं से अपील की कि वे स्वयं सुरक्षित रहें और अपने परिवार एवं समाज को जागरुक करे।

## साइंस समर कैंप में पीएम श्री खरोरा के छात्रों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर द्वारा आयोजित दो दिवसीय मैथ आर्ट क्रिएशंस एवं दो दिवसीय ग्रीन क्राफ्ट स्टूडियो समर साइंस कैंप में पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी-अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, खरोरा के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान पुणे के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान एवं गणित के प्रति रुचि विकसित करना तथा गणित के प्रति भय को दूर करना रहा।कार्यशाला के दौरान वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी प्रज्ञा कदम ने बताया कि कैंप में विद्यार्थियों को खेल-खेल में विज्ञान एवं गणित की जटिल अवधारणाओं को सरल एवं रोचक तरीके से समझाया गया। फन विथ मैथेमेटिक्स गतिविधि के अंतर्गत विद्यार्थियों ने अखबार की शीट से ज्यामितीय आकृतियां बनाकर ज्यामिति के सिद्धांतों को समझा। जियोबोर्ड के माध्यम से विभिन्न ज्यामितीय आकृतियों का निर्माण एवं अध्ययन कराया गया, वहीं कार्ड सर्कल्स की सहायता से कोणों की अवधारणा को सरल रूप में समझाया गया। कार्यशाला के अंतिम दिवस विद्यार्थियों को टेसलेशन, पाइथागोरस प्रमेय के दृश्यात्मक प्रमाण, टेन ग्राम एवं टी-पजल जैसी गतिविधियों के माध्यम से तार्किक सोच, समस्या समाधान क्षमता एवं रचनात्मकता विकसित करने का अवसर मिला।

इसी प्रकार ग्रीन क्राफ्ट स्टूडियो के अंतर्गत विद्यार्थियों ने पेपर क्रोमैटोग्राफी, अलनिको मैग्नेट, डीसी मोटर की कार्यप्रणाली, सेंटर ऑफ मास से बैलेंसिंग बर्ड एवं बटरफ्लाई, पेंसिल को इलेक्ट्रोड बनाकर इलेक्ट्रोलिसिस जैसे विज्ञान प्रयोगों को स्वयं कर अनुभव प्राप्त किया। कैंप के समापन पर सभी प्रतिभागियों को साइंस किट एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

पीएम श्री भरत देवांगन उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, खरोरा से कक्षा 6 से 8 तक के छात्र लव्य वर्मा, कवि पंसारी, तन्मय वर्मा, लव कोसले, धनुष्का रात्रे एवं लक्ष्य देवांगन ने सक्रिय सहभागिता निभाई। विद्यालय की प्राचार्य रजनी मिंज एवं वरिष्ठ व्याख्याता शाहिना परवीन ने विद्यार्थियों को भविष्य में भी विज्ञान एवं गणित आधारित गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने हेतु प्रेरित किया। छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने रीजनल साइंस सेंटर द्वारा आयोजित इस समर साइंस कैंप को ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी पहल बताते हुए इसकी सराहना की।

## पेज 11 के शेष

### आरंग के सगुना...

के दौरान कंपनी के मैनेजर 43 वर्षीय अशोक कुमार पात्रा को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ और निशानदेही पर परिसर की दीवार के पास से गांजे के तीन पौधा हरा पत्तीदार, जड़ व तना सहित कुल वजन 4.760 किलो, अनुमानित कीमत 30 हजार को जब्त किया गया। गवाहों की मौजूदगी में जब इन पौधों की जांच की गई, तो तीखी गंध और कसैले स्वाद के आधार पर इनके गांजा होने की पुष्टि हुई। जब आरोपी मैनेजर से इन पौधों के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे गए, तो वह कोई भी कागजात पेश नहीं कर सका। आरोपी अशोक कुमार पात्रा पिता मनोरंजन पात्रा 43 साल स्थायी पता ग्राम ईटापटवा थाना बालियापाल जिला बालासोर (उड़ीसा) का रहने वाला है, जिसका हाल पता ग्राम केवतरा शगुना फुड्स प्रायवेट लिमिटेड थाना खरोरा जिला रायपुर है। पुलिस ने अवैध रूप से गांजा उगाने के अपराध में आरोपी अशोक कुमार पात्रा के खिलाफ धारा 20(B) NDPS एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

### सट्टे की रकम ...

खेल के पीछे कोई और है।जांच को आगे बढ़ाते हुए पुलिस ने भैंसापसरा निवासी घनश्याम भारती 38 वर्ष को हिरासत में लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर घनश्याम ने स्वीकार किया कि वह उत्तर कुमार रात्रे के माध्यम से शहर में सट्टा-पट्टी का खेल संचालित करवाता था और उससे प्राप्त होने वाली बड़ी रकम की खाईवाली करता था।

पुलिस ने आरोपी घनश्याम भारती के पास से नगद रकम 2950 रुपए, एक स्मार्ट फोन जिसे सट्टा गतिविधियों के लिए उपयोग किया जाता था को जब्त किया है। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 06 के तहत कार्रवाई की गई है। सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर लिया है और उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद...

हाल-चाल जाना गया। अभियान में कुल 68 गर्भवती हितग्राही पहुंचे, जिनमें 16 उच्च जोखिम गर्भावस्था के मामले पाए गए। इनमें 10 गर्भवती माताओं की सोनोग्राफी की गई। इसके साथ ही महिला एवं पुरुष वार्ड निरीक्षण कर मरीजों से हाल चाल जाना। साथ ही पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती बच्चों की स्थिति को भी देख गया। सीएमएचओ ने निर्माणाधीन ट्रामा सेंटर का भी जायजा लिया। अधिकारियों ने गुणवत्तापूर्ण मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. वंदना भेले सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

### मूरा में हैवी...

रहे इसकी जानकारी नहीं है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामवासी उग्र आंदोलन, धरना प्रदर्शन एवं जनआंदोलन करने बाध्य होंगे, जिसके जिम्मेदार माईनिंग प्रशासन व पत्थर खदान मालिक होंगे ।

### शाम को हुई तेज...

क्षेत्रों में तेज हवा के कारण पेड़ों की डालियां टूटकर गिर गईं। वहीं बारिश शुरू होते ही लोग सुरक्षित स्थानों और घरों की ओर लौटते नजर आए। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार शाम की बारिश से गर्मी से राहत जरूर मिली है, लेकिन तेज हवाओं और बिजली कटौती से दिक्कतें भी बढ़ रही हैं। मौसम में आई ठंडक से लोगों ने राहत महसूस की है।

## यादव समाज का युवाओं से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी




सर्व यादव समाज युवा प्रकोष्ठ की बैठक स्थानीय गायत्री मंदिर प्रांगण में हुई। इसमें मुख्यातिथि सर्व यादव समाज प्रांताध्यक्ष रमेश यदु एवं जिलाध्यक्ष संतोष यदु व युवा जिलाध्यक्ष उमेश यदु मार्गदर्शन युवा ब्लाक अध्यक्ष गौतम यादव के नेतृत्व में बैठक कार्यक्रम का संचालन लोकेश यदु ने किया। कार्यक्रम मुख्यातिथि रमेश यदु ने कहा समाज के युवाओं की सक्रिय भागीदारी निभाने तथा संगठन को मजबूत बनाने एवं समाजहित के लिए युवाओं को आगे आने आव्हान किया।

सर्व यादव समाज जिलाध्यक्ष संतोष यदु ने कहा युवा साथियों को सामाजिक एकता शिक्षा संगठन विस्तार तथा युवाओं की सहभागिता बढ़ाने पर अपने विचार व्यक्त किए। युवा जिलाध्यक्ष उमेश यदु आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा रखी जिसमें युवाओं को जोड़ने यादव प्रीमियर लीग का आयोजन एवं प्रतिभावान समारोह का आयोजन के बारे में विस्तृत जानकारी सभी को दिए।

प्रदेश युवा संगठन मंत्री प्रशांत यादव द्वारा सामाजिक कार्यक्रमों एवं जनहित गतिविधियों को सफल बनाने हेतु युवाओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। सामाजिक कार्यकर्ता मन्नू लाल यादव ने कहा कि समाज की उन्नति में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है और सभी युवाओं को संगठित होकर समाजहित में कार्य करना चाहिए। बैठक के दौरान सामाजिक समरसता एवं आपसी सहयोग बनाए रखने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर कृष्णकुमार यादव, कमलेश्वर यदु, दिलेश्वर यादव, गजपति यादव, अभय यादव,रितेश यादव, दिनेश यादव, संजय यादव, तिलक यादव, संतोष यादव,जितेंद्र यदु, मिनेंद्र यादव, मोहन यादव, आजूराम यादव, हरिकीर्तन, रोहित, गिरीश यादव, हिरेंद्र यदु, धरम यदु, ग़ेमू यादव, दागेश, ओमप्रकाश सहित बड़ी संख्या में युवा सामाजिकगण उपस्थित रहा।

## खबर संक्षेप

### सहायक अभियंता के 46 पदों पर भर्ती करेगा पीएससी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा प्रदेश में सहायक अभियंता के 46 पदों पर भर्ती की जाएगी। लोक निर्माण विभाग और सामान्य प्रशासन विभाग के अंतर्गत रिक्त पदों पर इसके माध्यम से नियुक्ति होगी। आवेदन प्रक्रिया 13 मई से प्रारंभ होगी, जो 11 जून तक जारी रहेगी। परीक्षा 16 अगस्त को संभावित है। विस्तृत जानकारी पीएससी ने अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी है।

### बीज निगम के दैवेभो कर्मियों की हड़ताल से कामकाज प्रभावित

**रायपुर।** छग राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी विगत 5 मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। हड़ताल के चलते बीज निगम के विभिन्न कार्यालयों, बीज भंडारों एवं जिला इकाईयों का कार्य वृहद तौर पर प्रभावित हो रहा है। कर्मचारियों की अनुपस्थिति के कारण बीज भंडारण, बीज वितरण, स्टॉक संधारण मांग एवं उपलब्धता का आकलन, परिवहन समन्वय तथा रिकार्ड संधारण जैसे महत्वपूर्ण कार्य बाधित हो गए हैं। दैवेभो कर्मचारी संघ ने बताया कि उनकी दो प्रमुख मांगें काफी समय से लंबित हैं। जिस पर शासन ने अब तक संज्ञान नहीं लिया है, इस वजह से कर्मचारियों को मजबूर होकर हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ा है।

### बारिश से पहले नालों की सफाई पर मंथन

**रायपुर ।** बारिश का सीजन शुरू होने से पहले सभी जोन क्षेत्र में छोटे-बड़े नालों की सफाई को लेकर निगम मुख्यालय में बैठक हुई। इस बैठक में महापौर मीनल चौबे ने दो टूक कहा कि किसी भी जोन क्षेत्र में बारिश के सीजन में नालों के कारण जलभराव की स्थिति बनी, तो इसके लिए उस क्षेत्र के जोन कमिश्नर एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिम्मेदार होंगे। उन्होंने, अधिकारियों को निर्देशित किया कि बारिश के पूर्व जल भराव की समस्या दूर करने सुगम निकास प्रबंधन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके लिए सभी नालों की अच्छी तरह से सफाई कराएं। बैठक में सभी जोन के अध्यक्ष, कमिश्नर एवं स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद रहे।

### खरीफ सीजन में बंटेगा 88 सौ करोड़ का ऋण

**रायपुर ।** खरीफ सीजन 2026 के मद्देनजर राज्य के किसानों को खाद, बीज और ऋण की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने आज नया रायपुर स्थित निवास कार्यालय में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि पैक्स (पीएएक्स) समितियों में किसानों की मांग के अनुसार समय पर खाद और प्रमाणित बीज उपलब्ध कराए जाएं। चालू सीजन के लिए 8,800 करोड़ रुपये के कृषि ऋण वितरण का लक्ष्य रखा गया है, जिसके विरुद्ध अब तक 741 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं। बताया गया है कि कुल 10 लाख मीट्रिक टन खाद वितरण के लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 5.42 लाख मीट्रिक टन (54 प्रतिशत) का भंडारण पूरा हो चुका है। वर्तमान में समितियों में यूरिया (2.56 लाख टन), डीएपी (67 हजार टन), एनपीके (1.01 लाख टन), पोटाश (39 हजार टन) और एसएसपी (78 हजार टन) उपलब्ध है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं एक्काराम गोड़ (AKKARAM GOND) पिता लालजी गोड़ (LALJI GOND) निवासी घटमड़वा वार्ड नंबर 11, तहसील टुण्ड्रा, जिला बलौदा बाजार-भांठापारा (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम ईक्काराम (EKKARAM) को त्याग कर एक्काराम गोड़ (AKKARAM GOND) नया नाम रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय/अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरा नया नाम एक्काराम गोड़ (AKKARAM GOND) से ही जाना पहचाना जावे।

एक्काराम गोड़
(AKKARAM GOND)
निवासी घटमड़वा वार्ड नंबर 11, तहसील टुण्ड्रा, जिला बलौदा बाजार-भांठापारा (छ.ग.)

**अभियान : मौके पर 225 आवेदनों का निराकरण, विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को सामग्री वितरित**

# मोहतरा शिविर में 18 गांवों के लोगों की सुनी गई समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





सुशासन तिहार अंतर्गत शनिवार को विकासखंड कसडोल के ग्राम पंचायत मोहतरा (क) में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मोहतरा (क) सहित 18 ग्राम पंचायत के लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया। शिविर में प्राप्त 500 आवेदनों में से 225का मौके पर ही निराकरण किया गया।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष कुसुमलता पैकरा, नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष मानिकपुरी, जनपद सभापति मोरध्वज पैकरा, जनपद सदस्य मेला राम साहू, एसडीएम आरआर दुबे सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी - कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। कलेक्टर कुलदीप शर्मा एवं जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न योजना के तहत हितग्राहियों को सामग्री, चेक और सम्मान पत्र दिया गया। इसमें खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मनरेगा जॉब कार्ड, पीएम आवास योजना अंतर्गत आवास की चाबी, मछली पालन विभाग द्वारा महाजाल व आइस बॉक्स, उद्यानिकी विभाग द्वारा 10 हितग्राहियों को फलदार पौधे, भारत माता वाहिनी को सीटी व छड़ी 5 टीबी मुक्त गांव के सरपंच को महात्मा गांधी की प्रतिम, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा बच्चों को स्पोर्ट्स किट शामिल हैं।

**जिले में कुल 49 समाधान शिविर आयोजित होंगे :**इस अवसर पर कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप लोगों की समस्याओं का समाधान एक छत के नीचे हो इस उद्देश्य जिले में कुल 49 शिविर आयोजित होंगे। उन्होंने कहा कि इस शिविर में प्राप्त अधिक से अधिक आवेदनों का आज ही निराकरण करना हैं एवं जिनका निराकरण आज नहीं हो पायेगा, उसका भी जल्द निराकरण सम्बंधित विभाग को करना हैं। उन्होंने बताया कि आज इस शिविर में प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत मोबाइल मेडिकल यूनिट का कैम्प लगाया गया हैं जिसमें निःशुल्क जांच व दवाई दी जा रही हैं। इस यूनिट के द्वारा अब दवाई को पैकेट में देने की भी व्यवस्था क़ी जा रही है। उन्होंने मोर गांव मोर पानी अभियान अंतर्गत सभी घरों में सोखता गड्ढा निर्माण के साथ ही खेतों में डबरी निर्माण को भी जरुरी बताया। उन्होंने जनगणना कार्य अंतर्गत मकान सूचीकरण व गणना में प्रगणको को सहयोग करने का आग्रह किया।

## मंत्री टंकराम वर्मा ने हितग्राहियों ट्रैक्टर की चाबी से लेकर प्रमाण पत्र तक किए वितरित

**बिलाईगढ़।** सुशासन तिहार के तहत शुक्रवार को ग्राम पंचायत झुमका में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर जनसेवा और समाधान का बड़ा केंद्र बन गया। शिविर में उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण कर ग्रामीणों से सीधे संवाद किया और प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी ली। कार्यक्रम में कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पांडेय, सदस्य शिवकुमारी साहू, दिनेश जांगड़े, भगवंती पटेल, बिलाईगढ़ विधायक कविता लहरे, जिला अध्यक्ष ज्योतिलाल पटेल, सुभाष जालान तथा ग्राम पंचायत झुमका के सरपंच धनंजय साहू सहित जनप्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का सबसे आकर्षक क्षण तब रहा जब कृषि विभाग की ओर से एक किसान को ट्रैक्टर खरीदी हेतु 2.50 लाख रुपये के अनुदान की स्वीकृति के साथ ट्रैक्टर की चाबी सौंपी गई। वहीं कई किसानों को बोर खनन के लिए 43-43 हजार रुपये के अनुदान चेक भी प्रदान किए गए।







### पात्र हितग्राही का नाम नहीं छूटेगा

मंत्री टंकराम वर्मा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार जनता के हित में संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों का नाम किसी भी स्थिति में नहीं छूटेगा, यह सरकार की प्राथमिकता और वादा है।शिविर में कुल 2310 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 272 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर लोगों को तत्काल राहत प्रदान की गई। ग्रामीणों की भारी भीड़ और उत्साह ने कार्यक्रम को जनविश्वास का बड़ा मंच बना दिया।

### बच्चों का कराया गया अन्नप्राशन

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का तय समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। हितग्राहियों को मिली कई योजनाओं की सौगात शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। अतिथियों ने नन्हें बच्चों को अन्नप्राशन कराया तथा गर्भवती महिलाओं को उपहार भेंट किए। स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, निक्षय मित्र फूड बॉक्स, मत्स्य विभाग की ओर से मछली जाल, दिव्यांग प्रमाण पत्र, पेंशन स्वीकृति, प्रधानमंत्री आवास योजना के पूर्णता एवं स्वीकृति प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, किसान पुस्तिका और बी-1 दस्तावेज वितरित किए गए।

# जिला स्तरीय बैडमिंटन में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ पहले दिन जूनियर वर्ग में 75 खिलाड़ियों ने भाग लिया

नगर के इंडोर स्टेडियम में शनिवार को आयोजित बलौदाबाजार जिला बैडमिंटन टूर्नामेंट 2025-26 का भव्य शुभारंभ हुआ। बलौदाबाजार स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय प्रतियोगिता का संचालन छत्तीसगढ़ शासन की क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के तहत किया जा रहा है। प्रतियोगिता के पहले ही दिन खिलाड़ियों में जबरदस्त ऊर्जा और प्रतिस्पर्धा देखने को मिली।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अशोक जैन की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन अध्यक्ष नीरज बाजपेयी ने की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश शर्मा, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद शर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र महाले एवं तहसील साहू संघ अध्यक्ष पारसमणि साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता के पहले दिन जूनियर वर्ग में कुल 75 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें 65 बालक एवं 10 बालिकाएं शामिल रहीं। खिलाड़ियों ने विभिन्न मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रारंभिक दौर के रोमांचक मुकाबलों के बाद अंडर-09 मिक्स्ड सिंगल्स में वैभव वर्मा विजेता तथा धावी बिजौरा उपविजेता रहे।

इसी प्रकार अंडर-11 मिक्स्ड सिंगल्स में मणिकर्णिका एस. भट्ट ने विजेता बनने का गौरव हासिल किया, जबकि अनय शर्मा उपविजेता रहे। अंडर-13 बॉयज सिंगल्स में रसेड़ा के अक्षद कामडी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। रेयांश सिंह रावन उपविजेता रहे।प्रतियोगिता के विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजन के दौरान सचिव बलराम साहू, संयुक्त सचिव सागर सक्सेना, सलाहकार डॉ. जे.एन. केशरवानी, सदस्य डॉ. केके कश्यप, अभिषेक महिलांगे एवं आशीष बघेल सहित अनेक खेल प्रेमी उपस्थित रहे। खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन एवं प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए सीनियर स्पोर्ट्स ऑफिसर प्रीति बंछोर बिजौरा का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। प्रतियोगिता के आगामी मुकाबलों को लेकर खिलाड़ियों एवं दर्शकों में खासा उत्साह बना हुआ है।

# शराब-मुर्गा पार्टी में अधिकारी की सोने की चेन गुम, वन विभाग के अफसर ने 4 कर्मचारियों को किया काम से बाहर

हरिभूमि न्यूज : गिधौरी/सेल



■ शराब-मुर्गा पार्टी के दौरान सोने की चैन गायब, अफसर ने 4 दैविभो को हटाया

■ पीड़ितों के समक्ष अब रोजी-रोटी का संकट, जांच के लिए सौंपा आवेदन

वन परिक्षेत्र सोनाखान कार्यालय इन दिनों एक विवाद को लेकर सुर्खियों में है। यहां कथित तौर पर शराब और मुर्गा पार्टी के बाद उप वनमंडलाधिकारी की सोने की चैन गुम होने के मामले में चार दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को काम से हटाए जाने पर सवाल खड़े हो रहे हैं। प्रभावित कर्मचारियों का आरोप है कि बिना किसी ठोस सबूत और बिना पुलिस जांच पूरी हुए उन्हें पिछले तीन महीनों से कार्य से बाहर कर दिया गया है, जिससे उनके परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, कर्मचारियों ने मोहतरा में आयोजित सुशासन त्यौहार में आवेदन देकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और उन्हें पुनः कार्य पर रखने की मांग की है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि 25 जनवरी की रात परिक्षेत्र अधिकारी सोनाखान के आवास गृह कसडोल में देर रात तक पार्टी आयोजित की गई थी। आरोप है कि पार्टी में उप वनमंडलाधिकारी अनिल वर्मा, प्रशिक्षु एसीएफ गुलशन साहू, प्रशिक्षु रेंजर दीपक कुमार कौशिक सहित विभाग के कई कर्मचारी मौजूद थे। पार्टी के दौरान शराब सेवन, बाजा बजाकर नाच-गाना और बकरा-मुर्गा भोज होने की बात भी आवेदन में लिखी गई है।




कर्मचारियों के मुताबिक, पार्टी समाप्त होने के बाद एसडीओ की सोने की चैन गायब होने की बात सामने आई, जिसके बाद शक के आधार पर दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी मनोज यादव, सुबे लाल प्रधान, राजेश सेन और अनंत कुमार यादव को काम से हटा दिया गया। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें बिना किसी सबूत के चोरी का आरोपी बनाया जा रहा है, जबकि पुलिस में शिकायत दिए जाने के बावजूद अब तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई है।

आवेदन में यह भी आरोप लगाया गया है कि कर्मचारियों पर दबाव बनाकर प्रताड़ित किया जा रहा है और तांत्रिक विद्या जैसी बातों के जरिए मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है। कर्मचारियों ने कहा कि उन्होंने कोई चोरी नहीं की है और निष्पक्ष जांच होने पर सच्चाई सामने आ जाएगी।

चारों कर्मचारियों ने बताया कि उस रात पार्टी में करीब 12 लोग मौजूद थे। ऐसे में केवल चार लोगों पर ही शक जताकर कार्रवाई करना कई सवाल खड़े करता है। कर्मचारियों ने यह भी कहा कि संभव है कि चैन कहीं गुम हो गई हो या अत्यधिक नशे की स्थिति में अधिकारी स्वयं भूल गए हों कि चैन कहां रखी गई थी। उनका कहना है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच जरूरी है।

फिलहाल, चारों कर्मचारी लगातार सोनाखान कार्यालय, डीएफओ कार्यालय और कलेक्टर कार्यालय में आवेदन देकर न्याय की मांग कर रहे हैं। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और क्या प्रभावित कर्मचारियों को राहत मिल पाती है।

# गर्मी में राष्ट्रनिर्माण का दायित्व निभा रहे जनगणना कर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

■ घर-घर पहुंचकर कर रहे मकान सूचीकरण कार्य

राष्ट्रव्यापी जनगणना कार्यक्रम के प्रथम चरण अंतर्गत इन दिनों मकान सूचीकरण का कार्य तेज गति से संचालित किया जा रहा है। भीषण गर्मी और तपती धूप के बावजूद जनगणना कर्मी अपने दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करते हुए घर-घर पहुंचकर आवश्यक जानकारियां ऑनलाइन अद्यतन कर रहे हैं।

खरोरा क्षेत्र में जनगणना कार्य में संलग्न नारायण प्रसाद देवांगन ने बताया कि प्रथम चरण के अंतर्गत



प्रत्येक घर तक पहुंचकर निर्धारित जानकारी एकत्रित की जा रही है तथा नागरिकों से भी इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सराहनीय सहयोग प्राप्त हो रहा है। खरोरा निवासी धीरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि उनके निवास पर भी जनगणना कर्मी नारायण प्रसाद देवांगन पहुंचे, जिनका सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया तथा जनगणना से संबंधित आवश्यक जानकारी सहयोगात्मक रूप से प्रदान की गई। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि जनगणना केवल सरकारी प्रक्रिया नहीं, बल्कि राष्ट्रहित से जुड़ा महत्वपूर्ण अभियान है, इसलिए सभी नागरिकों को जनगणना कर्मियों का सम्मान करते हुए उन्हें अपेक्षित जानकारी और पूरा सहयोग देना चाहिए, ताकि यह महत्त्वपूर्ण राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

# पत्रकार को समालोचक और निर्भीक होना चाहिए

**बिलाईगढ़।** शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ में आयोजित पत्रकारिता प्रशिक्षण सत्र इंटर्नशिप के तीसरे दिवस वरिष्ठ अधिवक्ता बिलाईगढ़ राम नारायण भट्ट मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि एक कुशल पत्रकार निर्भीक, सजग और समालोचक होता है। पत्रकार को समाचार खोजने की आवश्यकता नहीं पड़ती, बल्कि वह चलते-चलते भी समाचार बना लेता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.



उमाकांत मिश्र ने भाषा की शुद्धता और व्याकरण संबंधी त्रुटियों पर प्रकाश डालते हुए पत्रकारिता में भाषाई दक्षता के महत्व को समझाया। कार्यक्रम संयोजक सुनीता विक्रम कौशले ने रिपोर्टिंग एवं लेखन शैली के प्रकार और उसकी उपयोगिता की जानकारी दी, वहीं सह संयोजक श्री रेशम चौहान ने पत्रकारिता की गरिमा बनाए रखने और संपादन कला के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षणार्थी छात्रा चांदनी ने किया। अंत में प्रशिक्षणार्थियों की प्रस्तुति के बाद आभार प्रदर्शन महाविद्यालय बिलाईगढ़ की छात्रा प्रियंका पटेल एवं भटगांव महाविद्यालय की अमीषा यादव ने किया।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### ब्राह्मण प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट कल से

**भाटापारा।** नगर में आयोजित होने वाला ब्राह्मण प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 का आयोजन युवा ब्राह्मण समाज द्वारा पहली बार कराया जा रहा है। टूर्नामेंट को लेकर युवाओं में जोश और उत्साह देखा जा रहा है। 11 मई से शुरू हो रहा टूर्नामेंट 15 मई तक चलेगा, जिसमें आठ टीमें भाग लेंगी। फ्लड लाइट में मैच खेले जाएंगे। एक दिन में चार मैच होंगे। मैच का समय शाम 7 से रात 12 बजे तक होगा। युवा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष अभिषेक उपाध्याय ने बताया कि यह टूर्नामेंट स्थानीय ब्राह्मण समाज के युवाओं के बीच खेल भावना और एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कराया जा रहा है। मैचों का सीधा प्रसारण यूट्यूब जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर देखा जा सकता है। मैच के स्कोर और खिलाड़ियों के आंकड़ों को प्लेटफॉर्म्स पर भी ट्रैक किया जाएगा। नारायनी नवल धाम भाटापारा मैदान में होने जा रहे इस आयोजन में महिलाओं के बैठने की भी विशेष व्यवस्था की गई है।

### सकरी में लगा शिविर, 664 आवेदनों का निराकरण



**रायपुर।** सुशासन तिहार के तहत शुक्रवार को जिले के अभनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम संकरी में जनसमस्या निवारण शिविर लगा। इसमें विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन लेकर लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। शिविर में मौजूद विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने कुल आए 877 आवेदनों में से 664 का मौके पर ही निराकरण किया। शिविर में मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम कार्ड एवं नवीनीकरण, लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस, आयुष्मान कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं से संबंधित सेवाएं प्रदान की गईं। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अन्नप्राशन और गोदभराई कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में विधायक अभनपुर इन्द्रकुमार साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष चंद्रिका बंजारे, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, एसडीएम अभनपुर रवि सिंह, जनपद पंचायत सीईओ दीपक ठाकुर, अभनपुर तहसीलदार सीता शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर स्टेडियम पहुंचे लिया तैयारियों का जायजा



**रायपुर।** कलेक्टर गौरव सिंह ने 10 एवं 13 मई को शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले आईपीएल मैच की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि स्टेडियम में आने वाले दर्शकों की सुरक्षा और सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ऑनलाइन बुकिंग के बाद रायपुर पहुंचने वाले दर्शकों की भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त वॉलिंटियर तैनात किए जाएं। किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता के लिए फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए।

### कविता नगर बोरियाखुर्द में हुई नाले की सफाई



रायपुर। जोन-10 अंतर्गत कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड-54 क्षेत्र अंतर्गत कविता नगर बोरियाखुर्द के नाले में गंदगी के कारण जाम हो गया था। बारिश के पूर्व इस नाले की शुक्रवार को जेसीबी की मदद से सफाई कराई गई। सफाई होने के बाद अब इस नाले के कारण क्षेत्र में जलभराव की स्थिति नहीं बनेगी।

### लाइफ जैकेट पहनकर नदी में उतरने की सलाह

**रायपुर।** मध्यप्रदेश के जबलपुर में हुई घटना के मद्देनजर नगर निगम रायपुर के जोन-8 क्षेत्र अंतर्गत खारून नदी में नाव चलाने वाले एवं मछली पकड़ने वाले मछुआरा संघ के साथ जोन अधिकारियों ने बैठक की।

## दौरा : ज्ञापन सौंपा और विकास कार्यों के लिए की विस्तार से चर्चा

# बिलासपुर रेलवे जोन महाप्रबंधक के समक्ष विधायक ने रखीं कई मांगें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा



रेलवे महाप्रबंधक तरुण प्रकाश को विधायक इंद्र साव ने जनहित में एक मांग पत्र सौंपा। विधायक इंद्र साव ने बताया संयुक्त जिले का प्रतिनिधित्व करने वाला सबसे बड़ा रेलवे स्टेशन है। उसके बावजूद भी भाटापारा में रेल यात्री सुविधाओं में काफी कमी है। विधायक साव ने ज्ञापन में

ईस्ट केबिन हटरी बाजार एलसी गेट में बने RUB की सड़क को डामरीकृत करते हुए वहां की लाइटिंग व्यवस्था को सुसज्जित करने, भाटापारा रेलवे स्टेशन में चल रहे अमृत भारत स्टेशन निर्माण कार्य को रेल यात्रियों के हित में शीघ्र पूरा करने, बिलासपुर से खुलने वाली 12441/12442 बिलासपुर नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ,20825/20826 बिलासपुर नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस 12851/12852 बिलासपुर चेन्नई एक्सप्रेस और 22939/22940 बिलासपुर ओखा एक्सप्रेस का भाटापारा (byt) स्टॉपेज देने, रायपुर बिलासपुर के मध्य कम से कम 2 अतिरिक्त लोकल ट्रेनों की संख्या बढ़ाने, 08261/08262 बिलासपुर यहलांका एक्सप्रेस को Renumber 18261/18262 के साथ शीघ्र प्रारंभ करने, 12771/12772 सिकंदराबाद रायपुर एक्सप्रेस को भाटापारा होते हुए बिलासपुर तक बढ़ाने, प्लेटफार्म नम्बर 3 और 4 में मिस्ड कूलिंग सिस्टम लगाने सहित नए प्लेटफार्म नम्बर 5 में रायपुर दिशा से आने वाली डाउन ट्रेनों को लेने, रायपुर बिलासपुर सेक्शन होकर चलने वाली तमाम ग्रीष्म कालीन,शीत कालीन,पूजा,होली,दिवाली जैसी स्पेशल ट्रेनों का स्थाई रूप से भाटापारा ठहराव सुनिश्चित करने स्टेंडिंग आदेश जारी करने, बिलासपुर से बालोद, गुण्डरदेही, दल्ली राजहरा के लिए सीधी डेमू,मेमू ट्रेन चलाने, ऑटो रिक्शा चालकों के लिए स्थाई रूप से स्टैंड बनाने,रेल्वे कॉलोनी की ओर रेल टिकट घर खोलने, लिफ्ट और एक्सीलेटर की सुविधा प्रदान करने की मांग शामिल है।

### नपा अध्यक्ष ने रेलवे महाप्रबंधक के समक्ष रखीं कई मांगें

**भाटापारा।** नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने रेलवे प्रशासन से यात्री सुविधाओं के विस्तार, अधोसंरचना विकास के लिए रेल्वे जीएम से प्रमुख मांगों का मांग पत्र सौंपा। इसमें प्लेटफार्म में वाटर स्प्रिंकलर सिस्टम की स्थापना, अमृत भारत स्टेशन निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने, भाटापारा रेलवे स्टेशन में चल रहे अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण कर यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की।



### रेलवे जीएम से भाटापारा के प्रतिनिधि मंडल ने की मुलाकात

**भाटापारा।** रेलवे स्टेशन की यात्री सुविधाओं, जनसुविधाओं, अधोसंरचना विकास एवं प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के महाप्रबंधक से मुलाकात कर विस्तृत ज्ञापन सौंपा।प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अमरजीत सिंह सलूजा, सदस्य रेलवे सलाहकार समिति द्वारा किया गया। अमरजीत सिंह सलूजा ने रेलवे जीएम को स्टेशन के सामने की सड़क की जर्जर



स्थिति का मौके पर जायजा कराया तथा आम नागरिकों एवं यात्रियों को हो रही परेशानियों से अवगत कराया। उन्होंने विशेष रूप से स्टेशन परिसर के सामने अव्यवस्थित ऑटो संचालन एवं पार्किंग की समस्या को प्रमुखता से उठाते हुए ऑटो चालकों के लिए तत्काल व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने का निवेदन किया। प्रतिनिधिमंडल ने अमृत भारत योजना के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्य की धीमी गति पर भी चिंता व्यक्त की तथा कार्य को युद्धस्तर पर शीघ्र पूर्ण कराने की मांग रखी इसके अलावा अन्य मांगों और समस्या को महाप्रबंधक ने गंभीरता से सुना एवं सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# विश्व रेडक्रॉस दिवस पर 25 यूनिट रक्त संग्रहित



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

विश्व रेडक्रॉस एवं रेड क्रिसेंट दिवस पर गुरुवार को जिला अस्पताल बलौदाबाजार में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया। एक महिला सहित कुल 25 लोगों ने रक्तदान कर 25 यूनिट रक्त संग्रहित कराया।

कार्यक्रम के दौरान रेडक्रॉस प्रबंधन समिति की बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके साथ ही मितानिन कार्यक्रम के एमटी के लिए प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 17 शहरी मितानिनों ने सहभागिता की।

जिला अस्पताल के सिविल सर्जन एवं ब्लड बैंक प्रभारी अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे से प्रारंभ हुआ। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है। इससे जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराकर उनकी जान बचाई जा सकती है।

उन्होंने बताया कि 18 से 65 वर्ष आयु का स्वस्थ व्यक्ति, जिसका वजन कम से कम 45 किलोग्राम तथा हीमोग्लोबिन 12.5 ग्राम हो, वह रक्तदान कर सकता है। एक बार में लगभग 350 मिलीलीटर रक्त लिया जाता है तथा स्वस्थ व्यक्ति वर्ष में चार बार रक्तदान कर सकता है। रक्तदान से किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती।

कार्यक्रम में रेडक्रॉस सचिव एवं सीएमएचओ राजेश अवस्थी, रेड क्रॉस कोऑर्डिनेटर विनय मिश्रा, प्रबंधन समिति की वाइस चेयरमैन ललिता यदु, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र वर्मा, सदस्य दलजीत सिंह चावला, सोनल केशरवानी एवं मोरध्वज श्रीवास्तव उपस्थित रहे।




### रक्तदाताओं और समाजसेवी संस्थाओं का सम्मान किया

शिविर में जिले में उल्लेखनीय रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं एवं समाजसेवी संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित रक्तदाताओं में लोकनाथ सेन, पीतराम वर्मा, आनंद कुशरे, रश्मि अग्रवाल एवं नवल कुमार सेन प्रमुख थे। वहीं सामाजिक संस्था बढ़ते कदम पूज्य सिंधी समाज पंचायत को रक्तदान जागरूकता एवं शिविर आयोजन में योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

# लावारिस खड़े ट्रक से मिले 19 भैंस, तस्करी की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैंसा



आरंग थाना क्षेत्र में पुलिस ने पशु तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने ग्राम गुल्लू और गुदगुदा के बीच संदिग्ध अवस्था में खड़े एक मालवाहक वाहन से 19 भैंस बरामद की हैं। आशंका जताई जा रही है कि इन मवेशियों को अवैध रूप से तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था।

जानकारी के अनुसार, आरंग पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम गुल्लू और गुदगुदा के मध्य मुख्य मार्ग पर एक मालवाहक गाड़ी क्रमांक यूपी 83 सीटी 8790 काफी देर से संदिग्ध परिस्थितियों में खड़ी है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। जब पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर वाहन की घेराबंदी की और तलाशी ली, तो गाड़ी के पास या अंदर कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं था। पुलिस के आने की भनक लगते ही चालक और उसके साथी वाहन छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। वाहन की तलाशी लेने पर पुलिस दंग रह गई। मालवाहक के भीतर 19 भैंस ठूस-ठूस कर बांधी गई थीं। पुलिस ने तत्काल सभी मवेशियों को वाहन से बाहर निकाला और सुरक्षित आरंग नगर पालिका के कांजीहाउस भिजवाया, जहां उनके चारे और पानी की व्यवस्था की गई है। आरंग पुलिस ने उत्तर प्रदेश पासिंग नंबर वाले उक्त मालवाहक वाहन को जब्त कर लिया है। प्रथम दृष्टया यह पूरा मामला अंतरराज्यीय पशु तस्करी से जुड़ा हुआ प्रतीत हो रहा है।

इस पूरे मामले में आरंग थाना प्रभारी हरीश साहू का कहना है कि अज्ञात वाहन चालक और तस्करों के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है। वाहन के नंबर के आधार पर मालिक और चालक की तलाश की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# हेडफोन बना काल, सड़क हादसे में युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैंसा



सड़क पर चलते समय मोबाइल और हेडफोन का इस्तेमाल किस कदर जानलेवा हो सकता है, इसका एक हृदय विदारक उदाहरण शनिवार को आरंग क्षेत्र में देखने को मिला। ग्राम चिखली में हेडफोन लगाकर मोटरसाइकिल चलाते समय एक 21 वर्षीय युवक ट्रैक्टर की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

आरंग थाना प्रभारी हरीश साहू ने बताया कि मृतक की पहचान जगदीश कुमार 21 वर्ष, पिता मन्नू के रूप में हुई है, जो बलौदाबाजार जिले के ग्राम हरदी का निवासी था। चश्मदीदों के मुताबिक, जगदीश मोटरसाइकिल चलाते समय हेडफोन पर बात कर रहा था, जिसके कारण उसका ध्यान भटक गया और एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसे जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक के सिर पर गंभीर चोटें आईं और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। दुर्घटना के बाद आरोपी ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही आरंग थाना प्रभारी हरीश साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए आरंग मर्चुरी भेजा। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। हेडफोन लगाने से सड़क पर आने वाली अन्य वाहनों की आवाज (हॉर्न) सुनाई नहीं देती, जिससे चालक आसपास की स्थिति से बेखबर हो जाता है। मोबाइल पर बात करने से मस्तिष्क का ध्यान ड्राइविंग से हटकर बातचीत पर केंद्रित हो जाता है, जिससे आपातकालीन स्थिति में रिएक्शन टाइम कम हो जाता है। सिर पर लगी गंभीर चोट ही इस मौत का मुख्य कारण बनी। यदि हेलमेट सही तरीके से पहना होता, तो शायद जान बच सकती थी।

### ट्रैक्टर का हब चुराकर भाग रहे युवक को ग्रामीणों ने दबोचा, पुलिस ने भेजा जेल

**पलारी।** थाना क्षेत्र के ग्राम नवागांव में एक सजग ग्रामीण की सतर्कता से चोरी की एक वारदात नाकाम हो गई। फकीरा भाठा स्थित एक बोर प्लाट से ट्रैक्टर का लोहे का हब चुराकर भाग रहे आरोपी को रंगे हाथों पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी का सामान और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त कर ली है।




जानकारी के अनुसार, नवागांव निवासी प्रार्थी खेलूराम कोसले का फकीरा भाठा में बोर प्लाट है। 8 मई की शाम लगभग 7 बजे आरोपी संजय यादव 24 वर्ष वहां रखे ट्रैक्टर का लोहे का हब चोरी कर अपनी मोटरसाइकिल पर रखकर ले जा रहा था। इसी दौरान पास ही रहने वाले चमन लाल गेण्डरे ने उसे देख लिया। चमन लाल ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को रोका और शोर मचाकर उसे पकड़ लिया।

प्रार्थी की रिपोर्ट पर पलारी पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया और आरोपी संजय यादव को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया लोहे का हब और चोरी में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 क्यूए 4466 को बरामद कर लिया है। आरोपी संजय यादव जो कि ग्राम लकड़िया का निवासी है, उसे शनिवार को न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया।

## दिये जाने वाले डाटा गोपनीय रहने लोगों को दिलाया भरोसा

# प्रगणक बन कलेक्टर ने की डिजिटल जनगणना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



भारत सरकार जनगणना कार्य निदेशालय के निर्देशानुसार जनगणना 2026 के प्रथम चरण अंतर्गत जिले में 1 मई से मकान सुचीकरण और गणना कार्य संचालित है। प्रगणक घर-घर जाकर डिजिटल गणना कर रहे हैं। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने शनिवार को शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में जनगणना कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने ग्राम मुण्डा में प्रगणको द्वारा किये जा रहे जनगणना कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रगणक से मोबाइल लेकर स्वयं एक मकान मालिक के घर पहुंचे और मकान गणना सबंधित सभी जानकारी लेकर डिजिटल गणना पूरा किया।

कलेक्टर श्री शर्मा ने मकान मालिक कार्तिक राम साहू को बताया कि भारत सरकार जनगणना निदेशालय के निर्देशानुसार पूरे देश में जानगाना का कार्य चल रहा हैं। इसमें प्रथम चरण में मकानों क़ी गणना क़ी जा रही हैं जिसमें प्रगणक घर- घर जाकर जानकारी अवश्यक जानकारी लेकर डिजिटल गणना पूरा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जो भी जानकारी प्रगणको को बेझिझक दें, यह पूरी तरह गोपनीय रहेगा। आधार कार्ड, पेन कार्ड या कोई ओटीपी की जरुरत नहीं है। उन्होंने प्रागणकों से गणना कार्य के सम्बन्ध में पूछ ताछ की। प्रगणकों ने बताया कि उनके एचएलबी में 348 मकानों की गणना हो गई हैं।

इसी तरह कलेक्टर श्री शर्मा ने बलौदाबाजार के वार्ड 19 स्थित कान्हा विहार में प्रगणकों द्वारा किये जा रहे गणना कार्या का जायजा लिया। उन्होंने यहां प्रगणक द्वारा मकान मालिक चंद्रशेखर वर्मा एवं विजय सराफ के मकान का डिजिटल गणना का अवलोकन किया। प्रगणकों ने बताया कि अब तक 148 मकानों का गणना पूरा हो चुका हैं।

इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम प्रकाश कोरी, डीपीएसओ पायल पाण्डेय, तहसीलदार निवेश कोरेटी, पेखन टोंड्रे सहित प्रगणक मौजूद थे।

